औद्योगिक श्रमिकों के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

स्रोत: पी.आई.बी.

श्रम और रोज़गार मंत्रालय के तहत श्रम ब्यूरो (Labour Bureau) हर महीने औद्योगिक श्रमिकों के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक **(CPI-IW)** संकलित कर रहा है।

- **मई, 2024** माह के लिये मुद्रास्फीति **(Inflation) मई, 2023** के **4.42%** की तुलना में कम होकर **3.86% हो** गई।

औद्योगिक श्रमिकों के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI-IW):

- CPI-IW का उपयोग **मुख्य रूप से केंद्र/राज्य सरकार के कर्मचारियों और औद्योगिक क्षेत्रों में कामगारों को दिये जाने वाले** महँगाई भत्ते (Dearness Allowance-DA) के निर्धारण के लिये किया जाता है, इसके अलावा खुदरा कीमतों में मुद्रास्फीति को मापने,**अनुसूचित रोज़गार में न्यूनतम मज़दूरी के निर्धारण और संशोधन के लिये भी इसका उपयोग** किया जाता है।
- **CPI में कई उप-समूह हैं** जिनमें खाद्य व पेय पदार्थ, ईंधन व प्रकाश, आवास और वस्त्र, बिस्तर तथा जूते शामिल हैं।
- **CPI** के चार प्रकार इस प्रकार हैं:
  - औद्योगिक श्रमिकों के लिये CPI (IW)
  - कृषि मज़दूरों के लिये CPI (AL)
  - ग्रामीण मज़दूरों के लिये CPI (RL)
  - CPI (ग्रामीण/शहरी/संयुक्त) (CPI-C)
- **IW, AL और RL को श्रम और रोज़गार मंत्रालय** में **श्रम ब्यूरो** द्वारा संकलित किया जाता है। सीपीआई-सी को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (National Statistical Office - NSO) द्वारा संकलित किया जाता है।

और पढ़ें: औद्योगिक श्रमिकों के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/consumer-price-index-for-industrial-workers